दिव्य कला शक्ति

'दिव्यांगता में क्षमता का दर्शन'

Divya Kala Shakti

'Witnessing Ability in Disability'

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
DEPARTMENT OF EMPOWERMENT OF PERSONS WITH DISABILITIES (DIVYANGJAN)



ऋषि अष्टावक्र एक दिव्यांग, सतयुग के महानतम वैदिक ऋषियों में से एक थे। उन्होंने अपने कष्टों को कभी कमज़ोरी नहीं माना। वे मानते थे कि–

जो मन से विकल है, वो जीवन में विफल है और जो मन से सबल है, वो जीवन में सफल है। आत्मविश्वास के बिना प्रत्येक व्यक्ति विकलांग है, और आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक विकलांग, सामान्य व्यक्ति से भी अधिक सक्षम है।

तथा

यदि आप सोचते हैं कि आप स्वतंत्र हैं, तो आप स्वतंत्र हैं और यदि आप समझते हैं कि आप बंधे हुए हैं, तो आप बंधे हुए हैं।

कोई भी पीछे न रह जाए

Leaving No One Behind

रचनात्मकता के मार्ग में बाधा का कोई स्थान नहीं है। दिव्यांग कलाकारों द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन ने दुनिया को दिखा दिया कि भले ही वे किसी प्रकार से वंचित हैं पर वे अपनी प्रतिकूलता से पार पा सकते हैं। यह वास्तव में एक उत्साहवर्धक अनुभव था।

'दिव्य कला शक्ति : दिव्यांगता में क्षमता का दर्शन' का उद्देश्य उस अद्भुत क्षमता के संबंध में और अधिक जागरूकता पैदा करना है जिसे उपयोग में लाए जाने का इंतजार है।

Creativity knows no barrier. Overwhelming performances by Divyang artistes showed the world that even though they are disadvantaged in some ways, they can overcome their adversity and be one amongst the best through their passion and practice. It was truly an uplifting experience.

'Divya Kala Shakti : Witnessing Ability in Disability' aims to further create awareness regarding the tremendous potential that is waiting to be harnessed.

अधिकार को मूर्तरूप प्रदान करना।

Making The Right Real

सभी बाधाओं के बीच अविचल खड़े रहना

दिव्यांगजन शब्द का प्रयोग हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी द्वारा पहली बार 28 दिसंबर 2015 को मन की बात की उनके भाषण में विकलांगजन के लिए किया गया था। दिव्यागं ने ऐसे व्यक्तियों को संदर्भित करने के लिए मौजूदा शब्द विकलांग को प्रतिस्थापित किया। शब्दिक रुप से, दिव्यांग का अर्थ एक दिव्य विशेषताओं वाला व्यक्ति है, जबकि विकलांग का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है जो शारीरिक रुप से विकलांग है।

दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकारों को एकत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विविधता में एकता की भावना का प्रतिनिधित्व करने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और क्षेत्रों को एक रंग में रंगना था।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान, दर्शक इस तरह से मंत्रमुग्ध थे जैसे कि कलाकार आसमान से जमीन पर उतर कर आए हों। कला के विभिन्न रुपों को, चाहे वह नृत्य हो, गायन हो या फिर कि अभिनय हो, उन्होंने मंत्रमग्ध श्रोताओं के समक्ष अपनी दिव्य आत्माओं का बहुत ही मनोरम प्रदर्शन किया। इन कलाकारों ने न केवल चह साबित किया कि वे सामान्य लोगों के बराबर हैं, बल्कि कुछ खास पहलुओं में तो वे उनसे भी बेहतर हैं।

Standing Tall Amidst all Odds

The word 'Divyang' was used to describe persons with disabilities for the first time by Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Damodardas Modi in his deliverance of the 'Mann ki Baat' on 28th December 2015. 'Divyang' replaced the existing term 'Viklang' to refer to such persons. Literally speaking, 'divyang' means a person in a divine body, whereas 'viklang' refers to a physically challenged person.

The artistes for Divya Kala Shakti programme have been drawn from various parts of the country. The show was to weave an integrated fabric of different cultures and regions to represent the spirit of unity in diversity.

Throughout the show, the audience was left mesmerised as if the performers had descended from above. In different forms of art, be it dancing, singing, performing, they gracefully showcased their divine souls in front of an awestruck audience. The performers proved not only that they were at par with people without disabilities but in certain aspects even better than them.

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र

President
Republic of India

Message

I am happy to know that the Department of Empowerment of persons with Disabilities (Divyangjan), Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, is bringing out a 'Coffee Table Book' showcasing two cultural events entitled "Divya Kala Shakti : Witnessing Ability in Disability" held this year in Rashtrapati Bhavan Cultural Centre on 18th April, 2019 and Balyogi Auditorium, Parliament Library Building on 23rd July, 2019.

Divyangjan are gifted humans who seek no sympathy. What is perhaps required is empathy and an enabling, barrier-free environment, whereby they can enjoy their rights and participate in various fields of human endeavour. Every Divyang needs to be treated equally without any prejudice or discrimination.

The performing and creative abilities of divyanjgan deserve greater appreciation and wider recognition. In this regard the Coffee Table Book will play an important role. I convey my best wishes for its successful publication.

Ramnath Kovind

(Ram Nath Kovind)

New Delhi
October 09, 2019

सत्यमेव जयते

भारत के उपराष्ट्रपति

Vice-President of India

Message

It was a pleasure for me to be a part of the cultural event "Divya Kala Shakti: Witnessing Ability in Disability" organised by the Department of Empowerment of Persons with Disabilities on 23rd July, 2019. I congratulate the Department for bringing out a book on this event.

The scintillating performances given by these gifted youngsters were truly delightful. By rendering outstanding performances, in various genres of music and dances, these artists have shown that their abilities are not constrained by their disabilities.

Persons with Disabilities can excel in all dimensions of public life – be it in education, sports or cultural activities, provided we create a conducive, facilitative platform for them to flourish in.

The Central and State Governments and the civil society have immense responsibility to enhance access to greater opportunities so that the disabled become proud partners in our developmental process.

I extend my greetings and best wishes to all the differently-abled artists who participated in the cultural show and hope this book will be an eye-opener for readers to understand the extraordinary capabilities and talents inherent in these young persons.

(M. Venkaiah Naidu)

New Delhi
09th September, 2019

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

Message

It is heart-warming to learn that the Department of Empowerment of Persons with Disabilities is publishing a Coffee Table Book based on the cultural programme – "Divya Kala Shakti: Witnessing Ability in Disability". The programme showcased the artistic skills and talents that Divyangjan possess.

The performance of the artistes was heartening and truly amazing. The cultural show engaged the audience and the show came as a whiff of fresh air.

It is our collective responsibility to create an inclusive society that empowers Divyangjan. The inner strength, determination and resolve of our Divyangjan is an inspiration for every section of the society.

The Coffee Table Book will be a tribute to our talented Divyangjan and act as a cherished memory for the society. May the publication be read and liked far and wide.

Best wishes for all success of the Coffee Table Book.

(Narendra Modi)

New Delhi
आश्विन 8, शक संवत् 1941
30th September, 2019

सत्यमेव जयते

अध्यक्ष, लोक सभा
SPEAKER, LOKSABHA

संदेश

मुझे केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा माननीय संसद सदस्यों के लिए 23 जुलाई, 2019 को आयोजित कार्यक्रम "दिव्य कला शक्ति: विटनेसिंग एबिलिटी इन डिसैबिलिटी" को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसमें देश भर से आए दिव्यांग कलाकारों ने अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करके दर्शकों के मन को मोह लिया। उनकी जोशपूर्ण कलात्मक प्रस्तुति ने हम सबको अभिभूत कर दिया। मैं उन सभी कलाकारों को बहुत–बहुत-बधाई देता हूँ।

प्रतिभाएं किसी भी परिचय अथवा बंधन का मोहताज नही होती। विषम परिस्थितियों के बावजूद, इन कलाकारों ने कला के विभिन्न रूपों को सरल एवं सहज रूप से चित्रित करके हमारे दिलों में अपनी छाप छोड़ी है, इन सभी कलाकारों का प्रयास प्रशंसनीय हैं। मुझे विश्वास है कि वहां उपस्थित कार्यक्रम देख रहे सभी माननीय सांसदो को कुछ वैसी ही अनुभूति हुई होगी, जैसी मुझे हुई है। उन कलाकारों की आशावादी भावनाओं, पेशेगत गुणों एवं कार्य के प्रति प्रतिबद्धता को देख कर मैं बहुत प्रेरित हुआ हूँ।

आज के समय में दिव्यांग किसी से भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा से प्रत्येक क्षेत्र में शानदार एवं अविश्वसनीय सफलताएं अर्जित की हैं। एक ओर जहां उनके प्रयासों को स्वयं उनके परिवार को, समाज के हर वर्ग एवं शासन को प्रोत्साहित करना चाहिए, वहीं उनके सशक्तिकरण की दिशा में हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। प्रख्यात साहित्यकार मिल्टन, हेलेन केलर, दोस्तोवस्की, स्टीफन हॉकिंग जैसी प्रतिभाओं ने पूर्व में विश्व को बहुत कुछ दिया है। वर्तमान में भी हमारे बीच कई विभूतियां हैं जिन्होंने राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है, उन्हें प्रेरणा दी है।

मैं केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधिकारियों को दिव्यांग कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम के आयोजन की संकल्पना के लिए धन्यवाद देता हूँ एवं कलाकारों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुति के लिए बधाई देता हूँ एवं उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करता हूँ।

(ओम बिरला)

(डॉ. थावरचंद गेहलोत)
DR. THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

कार्यालयः 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115
Tel.: 011-23381001, 23381390, Fax : 011-23381902
E-mail : min-sje@nic.in
दूरभाषः 011–23381001, 23381390, फैक्सः 011–23381902
ई–मेलः min-sje@nic.in

संदेश

मैं, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव और उनकी टीम को राष्ट्रपति भवन तथा संसद भवन में क्रमशः दिनांक 18 अप्रैल, 2019 तथा 23 जुलाई, 2019 को सांस्कृतिक समारोह **"दिव्य कला शक्ति"** के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे इस बात का बहुत ही आत्म संतोष है कि भारत के माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अध्यक्ष (लोक सभा), ने वाद्य संगीत, गायन और नृत्य में दिव्यांग कलाकारों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की है कि दिव्यांग कलाकारों के कौशल और प्रतिभा को और व्यापक दर्शकों के सामने लाने और देश भर में प्रसारित किए जाने की आवश्यकता है।

"दिव्य कला शक्तिः दिव्यांगता में क्षमता का दर्शन" समारोह में भाग लेने वाले दिव्यांग कलाकारों की कलात्मक योग्यताओं के ब्यौरों का संग्रहित प्रतिबिम्ब है। आप मेरी इस बात से सहमत होंगे कि ये बच्चे थोड़ा सा प्रोत्साहन दिए जाने पर अपने रचनात्मक कलाक्षेत्र में एक छाप छोड़ने के अलावा, अपने अन्दर विद्यमान सर्वोत्तम प्रतिभा के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक इसके सभी पाठकों के लिए उपयोगी होने के साथ–साथ अपने उद्देश्य को प्राप्त करेगी।

(डॉ. थावरचंद गेहलोत)

(डॉ. थावरचंद गेहलोत)
DR. THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

कार्यालयः 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115
Tel.: 011-23381001, 23381390, Fax : 011-23381902
E-mail : min-sje@nic.in
दूरभाषः 011–23381001, 23381390, फैक्सः 011–23381902
ई–मेलः min-sje@nic.in

संदेश

मैं, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव और उनकी टीम को राष्ट्रपति भवन तथा संसद भवन में क्रमशः दिनांक 18 अप्रैल, 2019 तथा 23 जुलाई, 2019 को सांस्कृतिक समारोह "**दिव्य कला शक्ति**" के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे इस बात का बहुत ही आत्म संतोष है कि भारत के माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अध्यक्ष (लोक सभा), ने वाद्य संगीत, गायन और नृत्य में दिव्यांग कलाकारों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की है कि दिव्यांग कलाकारों के कौशल और प्रतिभा को और व्यापक दर्शकों के सामने लाने और देश भर में प्रसारित किए जाने की आवश्यकता है।

"दिव्य कला शक्तिः दिव्यांगता में क्षमता का दर्शन" समारोह में भाग लेने वाले दिव्यांग कलाकारों की कलात्मक योग्यताओं के ब्यौरों का संग्रहित प्रतिबिम्ब है। आप मेरी इस बात से सहमत होंगे कि ये बच्चे थोड़ा सा प्रोत्साहन दिए जाने पर अपने रचनात्मक कलाक्षेत्र में एक छाप छोड़ने के अलावा, अपने अन्दर विद्यमान सर्वोत्तम प्रतिभा के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक इसके सभी पाठकों के लिए उपयोगी होने के साथ–साथ अपने उद्देश्य को प्राप्त करेगी।

(डॉ. थावरचंद गेहलोत)

शकुन्ताला डौले गामलिन, भा.प्र.से.
सचिव
Shakuntala Doley Gamlin, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
Government of India
Minister of Social Justice & Empowerment
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
17th October, 2019

The cultural event 'Divya Kala Shakti: Witnessing Ability in Disability' has been a humble attempt to showcase the talents of the Divyangjan, the divinely gifted human resource of our country.

Divyangs have proven beyond doubt through their focussed mind, indomitable grit and tenacity that they can face all obstacles and barriers and yet come out in flying colours.

This documented work will provide invaluable details of artistic qualities of Divyang artists who have performed at Rashtrapati Bhavan and Balayogi Auditorium of Parliament Library Building.

This Coffee Table Book is not merely the collection of pictures but the reflection of hope, aspirations and possibilities. The information in this book will help open up our minds and remove the lurking doubts we had about their ability. Thereby opening 'all-doors' and creating a world of opportunities for our Divyang brothers and sisters.

(Shakuntala D. Gamlin)

5वां तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड़, नई दिल्ली-110 003
5th floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhavan,
CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110 003

Tel. : 011-24369067
Fax : 011-24369055
E-mail : secretaryda-msje@nic.in

Behind The Stage

The Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan), Ministry of Social Justice & Empowerment was established in May 2012 to give greater emphasis on policy issues and implementation relating to persons with disabilities. Besides administering three Acts of Parliament, the Department is providing rehabilitation services, training, education and conducting research on various disabilities through eight National Institutes spread across the country. Various Central Schemes are being run to provide support to institutions, State Governments and NGOs. Besides providing financial support to civil society organisations and institutions for sensitising people about the rights and entitlements of persons with disabilities, the Government also confers National Awards every year in recognition of excellence of persons with disabilities and their organisations, and also to individuals and organisations working for the empowerment of Persons with Disabilities.

The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 came into force on 19th April, 2017. Section 29 of RPwD Act envisions the Government to promote cultural and recreational activities amongst the Persons with Disabilities.

In March 2019, the Department received a request from the President's Secretariat to conduct a cultural programme by Divyang children in the premises of Rashtrapati Bhawan on 18th April, 2019.

To organise the function, three major steps were taken immediately, to invite entries of participants through our National Institutes; to appoint a professional choreographer team to mentor the participating teams; and to make the Rashtrapati Bhawan Cultural Centre fully accessible.

A total of 175 Artistes were drawn from different States, cultural societies, institutions and civil societies to reflect a truly nationalistic spirit. The Department arranged for their rehearsals and practice sessions with the choreographer. The discipline and precision of timing and performance among such children is the greatest example of their intellectual, creative and their latent ability that needs to be harnessed for their optimal self-actualization.

The President's Secretariat made necessary arrangements for making the stage and venue accessible for Persons with Disabilities along with the provision of necessary arrangements including sound and light equipment.

The cultural event 'Divya Kala Shakti: Witnessing Ability in Disability' commenced in the evening of 18th April, 2019 in the esteemed presence of Hon'ble President of India. The event was witnessed by an appreciative audience consisting of dignitaries representing Ambassadors/High Commissioners/Senior Government Officers, Creative Personalities, Academicians, Principals of schools and various disability advocacy groups, etc.

The programme was anchored by three young persons with visual impairment and all the performances were presented by children and youth with disabilities.

The event trully embodied the spirit of "Leaving No One Behind" and of "Making the Right Real"

Inspired by the success of this event, a similar cultural event was organized in Parliament House to display these talents before the Members of Parliament on 23rd July, 2019.

प्रस्तावना

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 18 अप्रैल 2019 को माननीय भारत के राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति में 'दिव्य कला शक्तिः दिव्यांगता में क्षमता का दर्शन' एक विशिष्ट सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया। 23 जुलाई 2019 को इसी प्रकार का कार्यक्रम बालयोगी ऑडिटोरियम संसद पुस्तकालय भवन में भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उप राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री की भव्य उपस्थिति में आयोजित किया गया।

दिव्यांग कलाकार ने स्वर व वाद्य, संगीत तथा शास्त्रीय, लोक और आधुनिक नृत्य के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उनकी शारीरिक सीमाओं के बावजूद उनका आनंद कारक और आकर्षक प्रदर्शन मानवीय अदम्य भावना को प्रदर्शित करने की सबसे बेहतरीन उदाहरण है। उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन, व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों रूपों में उत्कृष्ट रहा है।

दिव्यांग कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन एक मनोरंजक और अनुपम अनुभव है।

INTRODUCTION

The Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Ministry of Social Justice & Empowerment, organised 'Divya Kala Shakti: Witnessing Ability in Disability', a unique cultural event at Rashtrapati Bhawan on 18 th April, 2019 in the esteemed presence of the Hon'ble President of India. The same event was again organised on 23rd July, 2019 at Balayogi Auditorium, Parliament Library Building in the august presence of the Hon'ble President, Hon'ble Vice President, Hon'ble Prime Minister, Hon'ble Speaker of Lok Sabha, Hon'ble Union Minister (SJ&E) and Hon'ble Members of Parliament.

The Divyang artistes who participated in the event through their music - vocal and instrumental, as well as dances - classical, folk and modern, kept the audience spell bound by their excellent performance.

Their exhilarating and engaging performance has been one of the best examples of showcasing the indomitable spirit of human beings despite their limitations. The display of their talents, both in groups and individually, was par-excellence.

A riveting and unparalleled experience of witnessing an outstanding performance by Divyang artistes.



Welcoming the Dignitaries

तीन दृष्टिबाधित दिव्यांग
विद्यार्थियों द्वारा एक सांकेतिक
भाषा के दुभाषिए
के साथ कार्यक्रम
का संचालन

Anchoring by
three visually impaired
Divyang students
accompanied by a
sign language
interpreter

Contents

Page No.

Music

1. National Anthem in Sign Language 1
2. Divyang Playing on Keyboard 2-3
3. Two Divyang Sisters 4-5
4. Divyang Youth Sings 6-7
5. Meera Bhajan 8-9

Classical Dance

6. Ganesh Vandana 10-11
7. Durga Slays Demon 12-15
8. Kathak Dancing all the way 16-19
9. Manipuri Dance 20-21
10. Andal Marriage 22-23
11. Where there is a wheel, there is a way 24-27

North East Folk

12. Harvesting in Meghalaya 28-29
13. Nagas Spinning Cotton 30-31
14. Enjoy Nepali Folk 32-33
15. Assamese Bihu Dance 34-37
16. Mizoram Comes Live 38-41
17. Divyang Sports 42-45

Contents

Page No.

	Regional Folk & Modern	
18.	Gujarati Garba Dance	46-49
19.	Rajasthan is Here	50-53
20.	Lavani Dance on My Knees	54-57
21.	Vishnu at Shiva Marriage	58-61
22.	Let's Play Holi Again	62-65
23.	Bhangra Blast	66-69
24.	Take Us Not for Granted	70-73
25.	Tribal Dance	74-75
26.	Eternal Love of Radha Krishna	76-79
27.	Esteemed Dignitaries	80-81
28.	Vote of Thanks by Nishtha jain	82-83
	Other Items	
29.	Interaction with Divyang	84-87
30.	Grand Finale	88-89
31.	Acknowledgements	90-91
32.	Guiding Principles of UNCRPD	92
33.	RPwD Act, 2016	93
34.	List of Participants	94-95
35.	Media Highlights	96-97
36.	Twitter Highlights	98-99

सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान

नाम : (समूह) - अक्षय प्रतिष्ठान, नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लाइंड, सक्षम, तमन्ना के छात्र

आयु : 11 - 24 वर्ष

स्थान : दिल्ली

दिव्यांगता : श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और डाउन सिंड्रोम

भारत का राष्ट्रगान, जो मूल रूप से बांग्ला में लिखा गया है, महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखी एवं बाद में स्वरांकित की गई एक कविता के पांच छंदों में से प्रथम है। संविधान सभा द्वारा इसे 24 जनवरी, 1950 को भारतीय राष्ट्रगान के रूप में अंगीकृत किया गया था।

श्रवण, दृष्टि और डाउन सिंड्रोम ग्रस्त पंद्रह कलाकारों द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान का गाया जाना एक अत्यंत उल्लेखनीय प्रदर्शन था। उनके प्रस्तुतीकरण से पता चला कि दिव्यांग होने के बावजूद, वे सांकेतिक भाषा की अभिव्यक्ति के माध्यम से राष्ट्रीय गान के गायन में भाग ले सकते हैं। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से, उन्होंने भरे हुए सभागार में सभी दर्शकों का दिल जीत लिया और भरपूर प्रशंसा प्राप्त

National Anthem in Sign Language

Name : (Group) - Students from Akshaya Pratishthan, National Association of Blind, Saksham, Tamanna

Age : 11- 24 years

Place : Delhi

Disability : Hearing , Visual and Down Syndrome

National Anthem of India, originally written in Bengali, is the first of five stanzas of a poem written and later set to notations by great poet Rabindranath Tagore. It was adopted by the Constituent Assembly as the Indian National Anthem on January 24, 1950.

The National Anthem in Sign Language performed by fifteen artistes, all of whom with hearing, visual and intellectual disabilities, was a remarkable performance. Their rendition showed that notwithstanding their disability, they can participate through the mode of expression of sign language in the singing of the National Anthem. By their impeccable performance, they moved the hearts of the packed auditorium and earned a lot of admiration.

दिव्यांग द्वारा की–बोर्ड पर प्रदर्शन

नाम : (व्यक्तिगत) - सुश्री रिनी भट्टाचार्जी

आयु : 17 वर्ष

स्थान : कोलकाता

दिव्यांगता : गतिविषयक

कोलकाता की सुश्री रिनी भट्टाचार्जी जो गंभीर गतिविषयक दिव्यांगता से ग्रस्त हैं और जिनके दोनों ही हाथ नहीं हैं, उन्होंने केवल एक पैर की नाजुक उंगलियों से की–बोर्ड पर देशभक्ति गीत "सारे जहाँ से अच्छा" की धुन बजाई। एक बहादुर कलाकार की एक निडर छवि; उन्होंने पूर्व में भी प्रतिष्ठित हस्तियों के समक्ष प्रदर्शन किया है।

उन्होंने दिखाया है कि की–बोर्ड बजाने के लिए हाथ और उंगलियों की आवश्यकता नहीं है; उन्होंने एक उदाहरण पेश किया है कि दृढ़ संकल्प और साहस के साथ, हम प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अवसर में बदल सकते हैं।



Divyang Playing on Keyboard

Name : (Solo) - Ms. Rini Bhattacharjee

Age : 17 years

Place : Kolkata

Disability : Locomotor

Ms. Rini Bhattacharjee from Kolkata who has severe locomotor disability with no arms, played the keyboard to the tune of the patriotic song 'Sare Jahan Se Achha' by her delicate toes of only one foot. A doughty image of a brave artist, she has performed in the past in the presence of distinguished personalities.

She showed that hands and fingers are not necessary to play on the keyboards. She has set an example that with determination and courage, we can convert adversity into opportunity.

Radel



दो दिव्यांग बहनें

नाम : (समूह) – सुश्री कनिमोनी एस और
सुश्री के. ज्योति

उम्र : 18 वर्ष

स्थान : केरल और तमिलनाडु

दिव्यांगता : एकाधिक दिव्यांगता, दृष्टिहीनता और गतिविषयक (लोकोमोटर)

उनके शास्त्रीय गीत को सुनकर दर्शकों को यह विश्वास नहीं हो पा रहा था कि गंभीर गतिविषयक (लोकोमोटर) दिव्यांगता से ग्रसित 18 वर्षीय केरल की सुश्री कनिमोनी, तमिलनाडु की एक प्रसिद्ध वादय गायिका सुश्री ज्योति के साथ एक अत्यंत जटिल शास्त्रीय गीत गा रही थीं, जो कि जन्म से ही नेत्रहीन और मानसिक मंदता से ग्रस्त है। वह एक प्रतिभाशाली वायलिन वादक और पियानोवादक के रुप में एक प्रशिक्षित गायिका हैं।

सुश्री कनिमोनी ने खरकाहप्रिया में राम, सीता और लक्ष्मण के बारे में एक गीत पक्कनिलाबड़ी का प्रदर्शन किया। सुश्री ज्योति ने अपने संगीतकार होने के सपने को सच करने के लिए अपनी दिव्यांगता पर विजय पाते हुए वायलिन बजाया। दोनों ने दिखा दिया कि उत्कृष्टता प्राप्त करने में दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है।

Two Divyang Sisters

Names : (Group) - Ms. Kanmoni. S and Ms. K. Jyothi

Age : 18 years

Place : Kerala and Tamilnadu

Disability : Multiple, Visual and Locomotor

Listening to the classical song, the audience could not believe that Ms. Kanimoni from Kerala, aged 18 years with severe locomotor disability was singing a highly complex classical song accompanied by Ms. Jyothi, a talented instrumentalist of the same age from Tamilnadu who has been visually and mentally impaired since birth. She is a trained vocalist as also a talented violinist and pianist.

Ms. Kanimoni performed the song "Pakkanilabadi" in Kharakahapriya, a song about Sri Ram, Sita and Lakshman. Ms. Jyothi played the violin overcoming her disability to achieve her dream of being a musician. The duo showed that disability is not a barrier in achieving excellence.

एक दिव्यांग युवक का संगीत

नाम : (व्यक्तिगत) - श्री महर्षि मंडल

उम्र : 25 वर्ष

स्थान : दिल्ली

दिव्यांगता : प्रमस्तिष्क घात

स्वर्गीय श्री भूपेन हज़ारिका के गीत 'मानुष मानुषेर जोन्ने' पर महर्षि का एकल प्रदर्शन, मंत्रमुग्ध करने वाला और मनोरम था तथा इस गीत के सार ने सीधे मन के तार को छू लिया।

गीत के बोल को भी उसके प्रासंगिक अर्थों में समझने कि आवश्यकता थी क्योंकि इस गीत में मानवता को संकीर्ण दृष्टिकोण से बाहर निकलकर सार्वभौमिक मानवीय संबंधों के लिए सहानुभूति एवं प्रेम विकसित करने का आग्रह किया गया।

Divyang Youth Sings

Name: (Individual)- Mr. Maharshi Mandal

Age: 25 years

Place: Delhi

Disability: Cerebral Palsy

Maharshi's solo performance of the song 'Manush Manushar Joanne' of late Shri Bhupen Hazarika, was enthralling and captivating and the essence of the song directly touched the inner chord of the heart.

The lyrics of the song were also to be comprehended and understood in its contextual sense, as it urged humanity to outgrow narrow perspectives and develop empathy and love for universal human bonding.

मीरा भजन

नाम : (समूह) - आदर्श विद्यालय, राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी)

आयु : 13-41 वर्ष

स्थान : देहरादून

दिव्यांगता : दृष्टिबाधिता

छह दृष्टिबाधित छात्रों की एक टीम ने मीरा भजनों की प्रस्तुति के माध्यम से एक आध्यात्मिक वातावरण तैयार किया।

उनके साथ दे रहे राजू सिंह जी ने पूर्णतः दृष्टिबाधित होने के बावजूद प्रवीणता से बांसुरी बजाई। ऑटिज्म विकार से ग्रस्त दिल्ली के एक युवा बालक संयम वर्मा ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ बेहतरीन तालमेल बैठाते हुए बड़ी सहजता से तबला बजाया।

ये छात्र आदर्श विद्यालय, देहरादून में विभिन्न व्यावसायिक कौशल प्राप्त कर रहे हैं।

Meera Bhajan

Name : (Group) - Adarsh Vidyalaya, National Institute for the Empowerment of Persons with Visual Disabilities (NIEPVD)

Age : 13-41 years

Place : Dehradun

Disability : Visual

A team of six visually impaired students ushered in a spiritual air through their rendering of Meera Bhajan.

They were accompanied by Mr. Raju Singh who played the flute perfectly even though he was fully visually impaired. A young boy, Master Saiyam Verma from Delhi with autism was seen playing the tabla with ease, matching the other members of his team.

These students are pursuing various vocational skills in Adarsh Vidyalaya, Dehradun.



'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो'

'Payo Ji Maine Ram Ratan Dhan Payo'

गणेश वंदना

नाम : (समूह) - अल्पना ग्रुप के छात्र

आयु : 13-21 वर्ष

स्थान : दिल्ली

दिव्यांगता : एकाधिक, श्रवण बाधित, बौद्धिक

दस दिव्यांग बच्चों द्वारा गणेश वंदना के एक लोकप्रिय गीत 'एक दंताय वक्रतुंडाय' पर किया गया यह शास्त्रीय नृत्य इस तर्क को गलत साबित करता है कि कला और संगीत को समझने के लिए कान और दिमाग का होना जरूरी है। इस समूह के डाउन सिंड्रोम ग्रस्त श्री कारोक विश्वास ने इसी धुन पर भरतनाट्यम भी किया।

Ganesh Vandana

Name: (Group) - Students from ALPANA Group
Age : 13 - 21 years
Place : Delhi
Disability : Multiple, Hearing Impaired and Intellectual

This classical dance 'Ganesh Vandana' performed to the beats on a popular song 'Ekadantaya Vakratundaya' by ten Divyang children defies the logic that ears and brains are required to comprehend art and music. Performing in this group was Mr. Karok Biswas with Down Syndrome, who performed the Bharatnatyam to the same tune.







दुर्गा द्वारा राक्षसों का वध

नाम : (समूह) - राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी) के छात्र

आयु : 14-18 वर्ष

स्थान : सिकंदराबाद

दिव्यांगता : श्रवण, बौद्धिक और प्रमस्तिष्क घात

ओडिशा से आए बौद्धिक दिव्यांगता और प्रमस्तिष्क घात से ग्रस्त आठ युवाओं के समूह ने शास्त्रीय ओडिशी नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य का विषय देवी दुर्गा का स्तोत्र 'अइगिरि नन्दिनी.... मेदिनी' था।

मंच, दुर्गा द्वारा राक्षस के वध के दृश्य से कंपकपा रहा था। हाथ में त्रिशूल लिए उनके उग्र रूप ने चारों ओर गर्जना और थरथराहट को बढ़ा दिया। घटना को साकार रूप देने और अपनी अभिव्यक्ति में इन बच्चों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सचमुच अत्यंत प्रेरणा दायक!

Durga Slays Demon

Name : (Group) - Students from National Institute for the Empowerment of Persons with Intellectual Disabilities (NIEPID)

Age : 14 - 18 years

Place : Secunderabad

Disability : Hearing Intellectual and Cerebral Palsy

A classical Odissi dance was performed by a group of eight youth from Odisha with intellectual disability and cerebral palsy. The theme of the dance was 'Ayigiri Nandini... Medini', stotra of Goddess Durga.

The stage was magnified with Durga slaying the demon, her fiery expression with Trishul in hand magnified by thunder and tremor around. These children did not lack in expression as well as action. Truly inspirational!









पूर्णतया कथक – नृत्य

नाम : (व्यक्तिगत) – सुश्री बुलबुल पंजरे

आयु : 19 वर्ष

स्थान : इंदौर

दिव्यांगता : श्रवण बाधिता

श्रवण बाधित कथक नृत्यांगना सुश्री बुलबुल पंजरे, इंदौर की एक 19 वर्षीया छात्रा हैं। उनकी गुरु मां अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना, डॉ. रागिनी मक्खड़ हैं।

श्रवण बाधित होने के बावजूद बुलबुल की निपुण भंगिमाओं और उनके तेज और सुंदर कदमताल ने संगीत और वायु तरंगों की लय से ताल मिलाया।

दर्शकगण विस्मित थे।





Kathak dancing all the way



Name : (Solo) - Ms. Bulbul Panjre

Age :19 years

Place : Indore

Disability : Hearing

The hearing impaired Kathak dancer,
Ms. Bulbul Panjre is a 19-year-old student from Indore.
Her Guru is the international Kathak dancer,
Guru Maa Dr. Ragini Makkhar.

Bulbul's brisk and graceful footwork and her dexterous movements, matched her footsteps to the feel of music and airwaves despite being hearing impaired.
The audience was filled with amazement.



मणिपुरी नृत्य

नाम : (व्यक्तिगत) – सुश्री डायना देवी

आयु : 31 वर्ष

स्थान : मणिपुर

दिव्यांगता : डाउन सिंड्रोम

डाउन सिंड्रोम ग्रस्त मणिपुर की 31 वर्षीया सुश्री निंगथौजाम डायना देवी ने रासलीला के एक उद्धरण 'कृष्ण रूपशखियुक्ति' का प्रदर्शन किया। उपयोग किए गए ताल 'चालीताल' थे, और 'लास्या' में टंचप निष्पादित किया गया था, इसमें रस 'श्रृंगार' था। उन्होंने अपना भावपूर्ण मुखमंडल और अपने हाथों और पैरों के तालमेल से निपुणता के साथ प्रदर्शन किया। ताल और लास्या में उनके प्रयास सटीक थे। दर्शक उनकी सुंदर अभिव्यक्ति में इतना खो गए कि उनकी दिव्यांगता गौण हो गई।

Manipuri Dance

Name : (Solo) - Ms. Daina Devi

Age : 31 years

Place : Manipur

Disability : Down Syndrome

Ms. Ningthoujam Daina Devi, aged 31 years from Manipur with Down Syndrome performed 'Krishna Roopshakhiukti', an extract of the Raaslila. The talas used were 'Chalital', and Tanchap executed in 'Lasya', the rasa was 'Sringar'.

She performed with her expressive face and alacrity with her hands and feet. Her efforts in Tala and Lasya were perfect. The audience got so engaged in her beautiful expression that her disability got attenuated.



अंडाल विवाह

नाम : (समूह)–संकल्प लर्निंग सेंटर के छात्र

आयु : 14 – 20 वर्ष

स्थान : चेन्नई

दिव्यांगता : बौद्धिक और विकास संबंधी

चेन्नई के बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग बच्चों ने दर्शकों को देवी कोथाई (अंडाल) और भगवान विष्णु के पवित्र विवाह का साक्षी बनाया। उनके 'माला सतरीनाल' नृत्य गीत में विवाह के आनन्ददायक क्षणों का वर्णन किया गया।

इन बच्चों ने पुरोहितों और भगवान विष्णु के मित्रों के रूप में प्रेम और खुशी के साथ उनका स्तुतिगान करते हुए और उन्हें आशीर्वाद देते हुए नृत्य किया।

Andal Marriage

Name : (Group) - Students from Sankalp Learning Center

Age : 14-20 years

Place : Chennai

Disability : Intellectual and Developmental

Children with intellectual and developmental disabilities from Chennai led the audience to witness the holy wedding of Goddess Kothai (Andal) and Lord Vishnu. Their dance song 'Maala Satrinaal' described the fun-filled moments of the marriage.

These children danced as priests and friends of Lord Vishnu, praising and blessing him with love and joy.

जहाँ पहिया, वहाँ राह

नाम : (समूह)– आमद डांस सेंटर के छात्र

आय : 23 – 27 वर्ष

स्थान : दिल्ली

दिव्यांगता : गतिविषयक

भक्तिपूर्ण प्रदर्शन, व्हीलचेयर पर विभिन्न कोणों में रहस्यमयी घुमावदार गतिशीलता ने वातावरण को जगमग कर दिया। ऐसा लगता था मानो कलाकारों ने दर्शकों को उनके आस–पास का वातावरण लगभग भुलवाकर दिव्य शक्ति से जोड़ दिया। चूंकि भक्ति और सूफीवाद भारतीय सांस्कृतिक इतिहास की उदार और तर्कसंगत भावना के सार हैं, भक्तजन महान सूफी मौला हजरत ख़्वाज़ा गरीब नवाज़ की दरगाह पर प्रार्थना कर रहे थे।

इसमें ईश्वरीय सत्ता के साथ एकात्म हो जाने के पलों को दर्शाया गया, जब भक्तजन अपने भौतिक शरीर से ऊपर उठ जाता है और सांसारिक इच्छाओं को भूलकर ईश्वरीय सत्ता के साथ आध्यात्मिक रूप से जुड़ जाता है।

Where there is a wheel, there is a way

Name : (Group) - Students from Aamad Dance Centre

Age : 23 - 27 years

Place : Delhi

Disability : Locomotor

The devotional performance, moving on wheelchairs with the mystique whirl in different angles, electrified the atmosphere. They almost seemed to make the audience forget their surroundings and connect with the Divine. Bhakti and Sufism being the essence of liberal and rational spirit of Indian Cultural History, the devotees were praying to the great Sufi Master Hazrat Khwaji Garib Nawaz's shrine (dargah).

It depicts the unifying moment with the divine when the devotee transcends his material existence and forgets worldly desires and experiences the spiritual union with the Divine.

मेघालय में फसल कटाई का समय

Harvesting in Meghalaya

नाम : (समूह)– पेरेंट्स एसोसिएशन फॉर डिसेबल्ड

आयु : 11 – 42 वर्ष

स्थान : शिलांग

दिव्यांगता : बौद्धिक एंव बहुदिव्यांगता

मेघालय के बौद्धिक एवं बहुदिव्यांग छात्रों ने अच्छी पैदावार के लिए प्रकृति माता का आभार व्यक्त करते हुए एक रंगारग 'खासी' नृत्य प्रस्तुत किया।

रंगीन वेशभूषा और बहुमूल्य आभूषणों से विभूषित महिलाओं की प्रफुल्लित प्रतिभागिता ने उनकी गंभीर दिव्यांगताओं को सामने नहीं आने दिया। पुरूषों ने दर्शकों की खुशी के लिए ढोल और बांसुरी के साथ, अपना सफेद रूमाल लहराया।

Name : (Group) - Parents Association for Disabled

Age : 11-42 years

Place : Shillong

Disability : Intellectual and Multiple

Eight Students with intellectual and multiple disabilities from Meghalaya put up a colourful 'Khasi' Dance thanking Mother Nature for a good harvest.

The cheerful participation of women adorned with colourful costumes and rich ornaments did not betray their severe disabled conditions. The menfolk, accompanied by drums and flutes, waved their white handkerchief to the delight of the audience.

नागा लोगों द्वारा रुई कताई

नाम : (समूह)– स्वदेशी सांस्कृतिक समाज
आयु : 15 से 22 वर्ष
स्थान : दीमापुर
दिव्यांगता : गतिविषयक, श्रवण, निम्न दृष्टि

नागालैंड के गतिविषयक दिव्यांगता, निम्न दृष्टि एवं श्रवण बाधित 07 (सात) छात्रों ने रूई की कताई एवं बुनाई का वर्णन करते हुए लोक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने मोहक लय और आपसी तालमेल करते हुए अपने दैनिक कार्यों का प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मोहित कर दिया।

Nagas Spinning Cotton

Name : (Individual/Group) - Indigenous Cultural
Age : 15 - 22 years
Place : Dimapur
Disability : Locomotor, Hearing and Low Vision

Seven students with locomotor disabilities, low vision and hearing impairment from Nagaland performed a folk dance describing the spinning of cotton. They depicted their daily chores with graceful movements and team work that captivated the viewers.

सिक्किम के दिव्यांग छात्रों द्वारा नेपाली लोक नृत्य

Enjoy Nepali Folk

नाम : (व्यक्तिगत / समूह)– स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम

आयु : 19 से 22 वर्ष

स्थान : गंगटोक

दिव्यांगता : बहु दिव्यांगता (श्रवण एवं बौद्धिक)

स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम के दो कलाकारों ने, नेपाली नृत्य प्रस्तुत किया। दोनों श्रवण और बौद्धिक दिव्यांगता ग्रस्त हैं।

